प्रेस विज्ञप्ति

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

पंतनगर किसान मेले में एक लाख रूपये से ऊपर में बिकी साहीवाल बछिया

पन्तनगर। 8 मार्च 2025। अखिल भारतीय किसान मेले में आज शैक्षणिक डेरी फार्म पर गाभिन संकर एवं साहीवाल बछियों तथा भैंस की कटियों की नीलामी का आयोजन किया गया। नीलामी में 2 संकर बछियों एवं 2 साहीवाल तथा 2 कटियों की नीलामी हुई। एक साहीवाल बछिया को श्री राजेन्द्र सिंह, देहरादून द्वारा अधिकतम नीलामी दर रू, 1 लाख 1 हजार लगाकर प्राप्त किया, जो कि शैक्षणिक फार्म के इतिहास में अब तक की किसी भी नस्ल की बछिया की सर्वाधिक बोली रही है। भैंस की कटिया की अधिकतम नीलामी दर श्री सुखविन्दर सिंह, सितारगंज द्वारा रू. 1 लाख 26 हजार की लगी। इसके अतिरिक्त दूसरी कटिया को श्री बलविन्दर सिंह, रूद्रपुर द्वारा रू. 1 लाख 7 हजार में नीलाम हुई। नीलामी में 6 पशु कुल रू. 5 लाख 33 हजार में नीलाम हुए। नीलामी के दौरान डा. ए.एच. अहमद, अधिष्ठाता, पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान महाविद्यालय; डा. सी.बी. सिंह, प्राध्यापक (ए.जी.बी.), डा. एस.के. सिंह, संयुक्त निदेशक शैक्षणिक डेरी फार्म, डा. सुनील कुमार, सहायक निदेशक शैक्षणिक डेरी फार्म, डा. सुनील कुमार, सह प्राध्यापक (ए.जी.बी.), डा. शिव प्रसाद, प्राध्यापक (वी.जी.ओ.), डा. अमित प्रसाद, सहायक प्राध्यापक, डा. संदीप कुमार तलवार, पशुचिकित्साधिकारी शैक्षणिक डेरी फार्म, श्री ए.के. सिंह, भण्डार क्रय अधिकारी एवं श्री कर्मा उरॉव नीलामी में उपस्थित रहे। कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान तथा निदेशक प्रसार शिक्षा डा. जितेन्द्र क्वात्रा ने नीलामी में ऐजिहासिक दरें प्राप्त होने पर समस्त टीम को बधाई दी। नीलामी में कुल 21 पशुपालको द्वारा बोलीदाता के रूप में प्रतिभाग किया गया तथा लगभग 200 अन्य किसान उपस्थित रहे।

नीलामी में प्रतिभाग करते किसान।

निदेशक संचार